आकाशवाणी शिमला

12.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मंत्रिमंडल–जनगणना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 के लिए 11 हजार सात सौ 18 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि जनगणना 2027 दो चरणों में कराई जाएगी। यह देश की 16वीं और आजादी के बाद से 8वीं जनगणना होगी। वैष्णव ने कहा कि भारत की जनगणना विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया है। इसके तहत जातिगत गणना भी कराई जाएगी। वैष्णव ने कहा कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। एंड्रॉइड और आई.ओ.एस दोनों मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा संग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में तीस लाख कर्मियों को लगाया जाएगा।

जनगणना 2027 में देश की पूरी आबादी को शामिल किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक घर तक जनगणना कर्मी पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों में पवन उर्जा और सौर उर्जा पर भी प्राथमिकता के आधार पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आज शिमला में जनजातीय सलाहकार समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय मामलों के मंत्री जगत सिंह नेगी ने निगुलसेरी में नई सड़क का प्रस्ताव रखा है जिस पर सरकार जल्द ही काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने जयराम ठाकुर से प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 15 सौ करोड़ रूपए के राहत पैकेज को जल्द दिलाने में मदद की भी अपील की। उन्होंने कहा कि केन्द्र से मिलने वाली सहायता से सबसे ज्यादा लाभ सराज के आपदा प्रभावितों को ही होगा।

नड्डा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। नड्डा कल शिमला में पार्टी के प्रदेश कार्यालय का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। इसके उपरान्त जे.पी. नड्डा का शिमला के पीटर हॉफ में प्रदेश भाजपा नागरिक अभिनंदन करेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल ने कहा कि बिहार में एनडीए और भाजपा की प्रचंड जीत के बाद जगत प्रकाश नड्डा पहली बार हिमाचल आ रहे हैं, ऐसे में पार्टी के हजारों कार्यकर्ता उनका भव्य अभिनंदन करेंगे। जे.पी. नड्डा का शिमला में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक का भी कार्यक्रम है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को हिमाचल में चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान की जानकारी दी और राज्य के हित के अन्य मुद्दों पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि नशा मुक्त अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय निकायों और समुदायों को व्यापक रूप से जोड़ा जा रहा है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को टीबी मुक्त हिमाचल अभियान की उपलब्धियों और विभिन्न जिलों में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। बैठक के दौरान राज्यपाल ने प्रदेश से जुड़े विभिन्न विकासात्मक और जनकल्याण संबंधी विषयों पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ उनका संवाद अत्यंत सार्थक रहा। उन्होंने

प्रधानमंत्री का समय देने और हिमाचल के प्रति निरंतर संवेदनशीलता व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

———————————————————